सफलता की कहानी

किसान का नाम	–	आलोका रानी महतो
पिता/पति का नाम	–	भोजोहरि महतो
ग्राम	–	तमकपाल
पंचायत	–	काशिदा
प्रखण्ड	–	घाटशिला
जिला	–	पूर्वी सिंहभूम

बंधागोभी की खेती कर आलोका रानी महतो आत्मनिर्भर हो रही है। घाटशिला प्रखण्ड के तमकपाल गांव की महिला किसान आलोका रानी महतो पिछले 6 सालों से सब्जी की खेती कर रही है। खेती का कार्य में आलोका को उनके पति भोजोहरि महतो भी खुब सहयोग करते हैं। बाजार तक ले जाने में उनका साथ देते है। आलोका रानी महतो के दो बच्चे है जिन्हें वे अच्छी शिक्षा के लिए पढ़ा रही है।

पहले पानी की समस्या होने के कारण 1 बीधा जमीन में खेती करती थी। आत्मा संस्थान के सहयोग से पिछले साल आलोका रानी महतो को सोलर पंपसेट जोहार परियोजना से मिला है। आत्मा द्वारा चलाये जाने वाले इस बार तीन दिवसीय प्रशिक्षण में भाग ली। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में समेकित कृषि प्रणाली के बारे में कृषकों को जानकारी दी गई है। विगत वर्ष 2022-23 में आलोका रानी को आत्मा अन्तर्गत क्रियान्वित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत 1 एकड़ में गरमा मूंग का प्रत्यक्षण कराया गया है जिसका उपज लगभग तीन तोड़ाई में ढ़ाई क्वींटल प्राप्त हुआ है।

सौर उर्जा चालित पंपसेट होने से अब शुन्य लागत में सिंचाई का सुविधा प्राप्त हुआ। सिंचाई कुआँ से 1.5 एकड़ में सिंचाई का सुविधा सुलभ हो गया जिसमें आलोका ने बंधागोभी की खेती की है। लगभग 2000 बंधागोभी लगाई है। इसके अलावे भिंडी एवं लौकी की बुआई अन्य खेत में की है।

बीते दिनों बंधागोभी का उपज होने से आलोका को 40 हजार से अधिक का मुनाफा हुआ । 80-90 हजार सलाना बंधागोभी की खेती से आलोका को लाभ हो रहा है।